हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019

विद्यालय का नाम – ....

प्रतियोगी का नाम – .... ह० .... **अनुक्रमांक –** ....

कुल समयः 1 घंटा | **कक्षा-पाँच** | **कुल अंकः 100**

निर्देशः 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।
3) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं, प्रश्नपत्र में नहीं।

प्रश्न 1. विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है-

(क) लिपि ○ (ख) व्याकरण ○ (ग) भाषा ○

प्रश्न 2. 'देवर' शब्द का स्त्रीलिंग होगा-

(क) देवरी ○ (ख) देवरानी ○ (ग) देवराइन ○

प्रश्न 3. अखबार में .... छपा है।

(क) विज्ञापन ○ (ख) विग्यापन ○ (ग) विगापन ○

प्रश्न 4. 'श्रमिक' शब्द में प्रयुक्त हुआ है-

(क) संयुक्त व्यंजन ○ (ख) द्वित्व व्यंजन ○ (ग) दोनों ○

प्रश्न 5. स्वतंत्र-परतंत्र, आकाश-..........................

(क) पताल ○ (ख) पाताल ○ (ग) पड़ताल ○

प्रश्न 6. 'सज्जन' शब्द का विलोम है-

(क) स्वामी ○ (ख) रोगी ○ (ग) दुर्जन ○

प्रश्न 7. आज मैंने तीन .... पढ़ीं।

(क) कविताएँ ○ (ख) कविताऐं ○ (ग) कवीताएँ ○

प्रश्न 8. 'व् + इ + श् + व् + अ' के लिए उचित विकल्प होगा-

(क) वइश्व ○ (ख) वैश्व ○ (ग) विश्व ○

प्रश्न 9. 'प्रणय' शब्द का उचित वर्ण-विच्छेद है-

(क) प्+अ+र्+ण्+अ+य्+अ ○

(ख) प+र्+अ+ण्+य+अ ○

(ग) प्+र्+अ+ण्+अ+य्+अ ○

प्रश्न 10. 'रमेश' उदाहरण है-

(क) जातिवाचक संज्ञा का ○

(ख) व्यक्तिवाचक का ○

(ग) भाववाचक संज्ञा का ○

प्रश्न 11. 'बूढ़ा' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनेगी-

(क) बूढ़ी ○ (ख) बुढ़ापा ○ (ग) बुढ़ाना ○

प्रश्न 12. कल मैंने अपने मित्र से भेंट की। रेखांकित शब्द का सही उत्तर बताइए-

(क) मुलाकात ○ (ख) उपहार ○ (ग) दोनों ○

प्रश्न 13. चिड़ियाघर में नाना प्रकार के जीव-जन्तु हैं।

(क) माता के पिता ○ (ख) अनेक ○ (ग) दोनों ○

प्रश्न 14. अलका साईकिल से आई।

(क) अपादान कारक ○ (ख) कर्म कारक ○ (ग) करण कारक ○

प्रश्न 15. निकिता कहानियों की पुस्तक पढ़ रही है।

(क) संप्रदान कारक ○

(ख) संबंध कारक ○

(ग) अपादान कारक ○

प्रश्न 16. वह .... कार है?

(क) कोई ○ (ख) किसकी ○ (ग) कुछ ○

प्रश्न 17. रेखा ने .... सारी बात बताई।

(क) मुझसे ○ (ख) मुझे ○ (ग) उन ○

प्रश्न 18. 'पतंग' .... है।

(क) कोमल ○ (ख) पतली ○ (ग) रंगीन ○

प्रश्न 19. अंगूर .... हैं।

(क) खट्टे ○ (ख) लाल ○ (ग) बैंगनी ○

प्रश्न 20. 'मैं कल घर जाऊँगा।'- वाक्य के काल का भेद है-

(क) भूतकाल ○ (ख) भविष्यत् काल ○ (ग) वर्तमान काल ○

प्रश्न 21. घोड़ा घास खा रहा है। वाक्य में 'घास' क्या है?

(क) कर्ता ○ (ख) क्रिया ○ (ग) कर्म ○

प्रश्न 22. मानसी खाना खाती है- वाक्य में 'खाती है' क्या है?

(क) क्रिया ○ (ख) कर्म ○ (ग) कर्ता ○

प्रश्न 23. 'कछुआ धीरे चलता है।'-वाक्य में 'धीरे' क्या है-

(क) कालवाचक ○ (ख) रीतिवाचक ○ (ग) परिमाणवाचक ○

प्रश्न 24. रेखांकित शब्द का क्रियाविशेषण का भेद बताइए-

नाना जी <u>आज</u> आएँगे।

(क) स्थानवाचक ○ (ख) कालवाचक ○ (ग) परिमाणवाचक ○

प्रश्न 25. <u>जो</u> मेहनत करेगा <u>वह</u> फल पाएगा। रेखांकित शब्द सर्वनाम का भेद है-

(क) प्रश्नवाचक ○ (ख) संबंधवाचक ○ (ग) निजवाचक ○

प्रश्न 26. दिवाली का त्योहार .... मास में आता है।

(क) श्रावण ○ (ख) कार्तिक ○ (ग) अश्विन ○

प्रश्न 27. श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन .... त्योहार मनाया जाता है।

(क) ईद ○ (ख) जन्माष्टमी ○ (ग) रक्षाबंधन ○

प्रश्न 28. 'शहर में रहने वाले' के लिए एक शब्द बताइए-

(क) सुनार ○ (ख) शहरी ○ (ग) किसान ○

प्रश्न 29. गीता गाना गाती है। वाक्य में 'गीता' है-

(क) कर्म ○ (ख) कर्ता ○ (ग) क्रिया ○

प्रश्न 30. 'चालीस' से पहले की संख्या है ....

(क) इकतालीस ○ (ख) उनतालीस ○ (ग) बयालीस ○

प्रश्न 31. 'अनिल' का अर्थ वायु और 'अनल' का अर्थ .... है।

(क) पानी ○ (ख) आग ○ (ग) ज्वाला ○

प्रश्न 32. भारत का राष्ट्रीय पशु है-

(क) शेर ○ (ख) हाथी ○ (ग) बाघ ○

प्रश्न 33. मैनें दो लीटर दही खरीदा। यहाँ दही शब्द है-

(क) एकवचन ○ (ख) बहुवचन ○ (ग) कोई नही ○

प्रश्न 34. बच्चे चुटकुला सुनकर .... पड़े।

(क) हँस ○ (ख) हंस ○ (ग) हँसना ○

प्रश्न 35. पेड़ से .... टूटकर गिर गया।

(क) पता ○ (ख) पत्ता ○ (ग) टहनी ○

निम्निलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

एक लड़का था। वह बहुत सच्चा और ईमानदार था। एक दिन वह अपने पड़ोसी के घर गया। पड़ोसी कहीं गया हुआ था। वहाँ टोकरी में बढ़िया सेब रखे थे। लड़के को सेब बहुत पसंद थे परंतु उसने उनको हाथ तक नहीं लगाया। पड़ोसी लौटा तो देखा, सारे सेब ज्यों-के-त्यों रखे हैं। उसने लड़के से पूछा, "क्यों, तुम्हें सेब पसंद नहीं हैं क्या?" लड़के ने कहा, "मुझे सेब बहुत पसंद हैं।" पड़ोसी आश्चर्यचकित होकर बोला, "तो तुमने लिए क्यों नहीं?" लड़के ने कहा, "कैसे ले सकता था?" पड़ोसी बोला, "क्यों, इसमें क्या बात थी? कोई देखने वाला तो था नहीं।" "इससे क्या हुआ!" लड़के ने कहा, "कोई दूसरा देखने वाला हो या न हो, मैं तो देख रहा था। मैं अपने को बेईमानी करते कदापि नहीं देख सकता था।"

प्रश्न 36. लड़के का स्वभाव कैसा था?

(क) वह सीधा-साधा था ○

(ख) वह बहुत सच्चा और ईमानदार था। ○

(ग) वह बहुत डरपोक था। ○

प्रश्न 37. लड़के को क्या अच्छा लगता था?

(क) फल ○ (ख) पड़ोसी ○ (ग) सेब ○

प्रश्न 38. पड़ोसी ने लौटकर क्या देखा?

(क) सेब ज्यों-के-त्यों रखे हुए थे। ○

(ख) लड़का सेब खा रहा था। ○

(ग) लड़का सेब के पास बैठा था। ○

प्रश्न 39. लड़के ने सेब उठाकर क्यों नहीं खाया?

(क) उसे लगा, कोई उसे देख लेगा। ○

(ख) वह सेब खाना भूल गया। ○

(ग) क्योंकि वह ईमानदार था। ○

प्रश्न 40. 'बढ़िया' शब्द का उचित विलोम शब्द है-

(क) बेकार ○ (ख) घटिया ○ (ग) व्यर्थ ○